## आधुनिक भारत का इतिहास

# स्वातंत्र्योत्तर भारत

## ( खंड-4 )

-मणिकांत सिंह

1. नेहरु-लियाकत समझौता निम्नलिखित में किस मुद्दे पर हुआ था?

(a) शरणार्थियों की वापसी

(b) भारत की पूर्वी सीमा का पुनर्निर्धारण

(c) कश्मीर में लाईन ऑफ कंट्रोल को स्पष्ट करना

(d) उपर्युक्त में कोई नहीं

2. भारत के विभाजन का निम्नलिखित में से कौन-सा/से प्रभाव भारतीय गणराज्य के संविधान पर दिखाई देता/देते है/हैं?

1. भारतीय नागरिकता में जस सेंगुइनिस की अवधारणा।
2. भारतीय संघीय मॉडल में मजबूत केंद्र।
3. मौलिक अधिकार।
4. आपातकालीन प्रावधान।

कूटः

(a) केवल 1 (b) 1, 2 और 4

(c) 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

3. देशी रियासतों के एकीकरण के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. माउंटबेटन योजना में, देशी रियासतों को या तो भारतीय या पाकिस्तानी डोमिनियन में शामिल होने का अधिकार दिया गया था।

2. लॉर्ड माउंटबेटन ने देशी रियासतों को तीसरी शक्ति के रूप में स्वीकृति या संप्रभु अधिकार देने से इनकार कर दिया।

कूटः

(a) 1 और 2 (b) केवल 1

(b) केवल 2 (d) न तो 1, न ही 2

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. विलय-पत्र या इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन एक कानूनी दस्तावेज था जो तीन विषय भारतीय संघ को हस्तांतरित करता था- रक्षा, विदेश मामले और संचार।

2. सरदार वल्लभभाई पटेल और वी. पी. मेनन क्रमशः राज्य विभाग के राजनीतिक और प्रशासनिक प्रमुख थे।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

5. कथन (A) : स्वतंत्रता के साथ भारत को विभाजन का भी सामना करना पड़ा।

कारण (R) : मुस्लिम लीग के दबाव में कांग्रेस को यह स्वीकार करना पड़ा कि हिन्दू एवं मुसलमान दोनों दो राष्ट्र हैं।

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं परंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।